राजस्थान सरकार
सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग
2010–11 की बजट घोषणाओं की स्थिति

पैरा संख्या पार्ट संख्या सब पैरा संख्या	बजट घोषणा	प्रगति
4 4 0	विभागीय वेबसाइटों एवं अन्य माध्यमों से सरकार के महत्वपूर्ण निर्णयों को सार्वजनिक करना।	सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग द्वारा विभाग से संबंधित सूचना http://doitc.rajasthan.gov.in एवं www.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है। समस्त विभागों से सम्बन्धित सूचना विभागों द्वारा जारी अपनी वेब साईट पर उपलब्ध करायी जाती है। राज्य पोर्टल www.rajasthan.gov.in पर विभागीय सूचना उपलब्ध करवाये जाने हेतु सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग को आवश्यक जानकारी विभाग द्वारा ही उपलब्ध करवायी जाती है। समस्त विभागो की वेब साईट स्वयं विभागों द्वारा ही संधारित की जाती है। समस्त विभागों को समय–समय पर पूर्व में भी पत्र लिखे गये है एवं बजट घोषणा की अनुपालना सुनिश्चित करने हेतु समय समय पर स्मरण पत्र जारी किये जाते है। विभाग द्वारा समस्त विभागों की वेबसाईट के नियमित प्रबोधन हेतु समस्त विभागों के नोडल अधिकारियों की मासिक बैठक आयोजित की जाती है।
168 0 0	शासन सचिवालय की समस्त गतिविधियों के कम्प्यूटराईजेशन की एक महत्वाकांशी योजना ई–सचिवालय की क्रियान्विति प्रारंभ की जायेगी।	परियोजना का क्रियान्वयन एन आई सी के माध्यम से किऐ जाने का निर्णय लिया गया है। इस हेतु एसईएमटी से अनुमोदन के पश्चात प्रस्ताव वित्त विभाग के अनुमोदन हेतु प्रेषित कर दिया गया है।
169 0 0	सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग द्वारा तैयार की गई ई–संचार प्रणाली, पॉयलेट प्रोजेक्ट के रूप में, जयपुर जिले में लागू की जायेगी।	परियोजना का क्रियान्वयन जयपुर जिले के समस्त 13 कोष कार्यालयो में कर दिया गया है एवं 13500 पेंशनधारियो को इसका लाभ दिया जा रहा है।